शॉर्ट न्यूज़: 23 नवंबर, 2020

sanskritiias.com/hindi/short-news/23-november-2020

चापरे वायरस

अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (बैंकिंग) विनियम, 2020

चापरे वायरस

चर्चा में क्यों?

हाल ही में, बोलीविया में चापरे वायरस के कई मामले सामने आए हैं। इस वायरस को इबोला वायरस से भी खतरनाक वायरस माना जा रहा है।

मुख्य बिंदु

- चापरे वायरस का पहला मामला बोलीविया के चापरे प्रांत में दर्ज किया गया था, इसलिये इसे चापरे वायरस नाम दिया गया।
- यह इबोला वायरस के प्रसार के लिये उत्तरदायी एरेनावायरस (Arenavirus) परिवार से सम्बंधित है, जो चापरे रक्तस्रावी बुखार (Chapare hemorrhagic fever– CHHF) का मुख्य कारण है।
- इसके संक्रमण में इबोला की तरह ही रक्तस्रावी बुखार के साथ पेट दर्द, मसूड़ों से रक्तस्त्राव, त्वचा पर छाले तथा आँखों के अंदरूनी हिस्से में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।
- सामान्यत: यह वायरस चूहों से फैलता है लेकिन संक्रमित कृंतक जीवों के सीधे सम्पर्क में आने, इनके मल-मूत्र के सम्पर्क में आने से अथवा संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क से भी इस वायरस के फैलने के सबूत मिले हैं, जिसकी पुष्टि अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज़ कंट्रोल (CDS) ने भी की है।
- वर्तमान में चापरे वायरस के इलाज हेतु कोई निर्धारित दवा उपलब्ध नहीं है इसलिये रोगियों के उपचार के लिये इंट्रावेनस तरल पदार्थों (Intravenous Fluids) का उपयोग सहायक दवा के रूप में किया जाता है।
- इस वायरस से संक्रमित होने पर रोगी के हाइड्रेशन स्तर को नियमित रखने के लिये निरंतर तरल पदार्थ दिये जाते हैं।
- चापरे वायरस का पता लगाना अत्यंत कठिन है क्योंकि इसका प्रसार रोगी के श्वसन मार्ग की बजाय तरल पदार्थों के सीधे सम्पर्क में आने से होता है।

बोलीविया

- बोलीविया दक्षिण अमेरिका में स्थित एक स्थलरुद्ध देश है। इसकी दो राजधानियाँ सूक्रे तथा लापाज (प्रशासनिक) हैं।
- यह देश नौ प्रांतों में विभाजित है, पूर्वी निचले क्षेत्र में अमेज़न बेसिन में स्थित है। यह उत्तर और पूर्व में ब्राजील से, दक्षिण-पूर्व में पैराग्वे से, दक्षिण में अर्जेंटीना द्वारा, दक्षिण-पश्चिम में चिली द्वारा तथा उत्तर-पश्चिम में पेरू द्वारा सीमाबद्ध है।

अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (बैंकिंग) विनियम, 2020

पृष्ठभूमि

- हाल ही में, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (IFSC) प्राधिकरण ने विस्तृत विचार-विमर्श के बाद अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (बैंकिंग) विनियम, 2020 को मंज़ूरी प्रदान की है।
- बैंकिंग, आई.एफ.एस.सी. के प्रमुख फोकस क्षेत्रों में से एक है और इससे निश्चित समय में आई.एफ.एस.सी. में अन्य घटक परिचालनों के संचालन को सुगम बनाने की उम्मीद की जाती है।
- यह आई.एफ.एस.सी. में अनुमन्य होने वाले बैंकिंग परिचालन के विभिन्न पहलुओं के लिये नियमों को लागू करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

बैंकिंग विनियम के मुख्य पहलू

- आई.एफ.एस.सी. बैंकिंग इकाइयों (IBUs) की स्थापना के लिये आवश्यकताओं को पूरा करना।
- भारत के बाहर निवास करने वाले व्यक्तियों (नेटवर्थ $ 1 मिलियन से कम न हो) को आई.एफ.एस.सी. बैंकिंग इकाइयों में स्वतंत्र रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में विदेशी मुद्रा खाता खोलने की अनुमति देना।
- भारत में रहने वाले व्यक्तियों (नेटवर्थ $ 1 मिलियन से कम न हो) को भारतीय रिज़र्व बैंक की उदारीकृत प्रेषण योजना (LRS) के तहत किसी अनुमति प्राप्त करंट अकाउंट या पूँजीगत लेखा लेन-देन या इनके किसी भी संयोजन के लिये स्वतंत्र रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में विदेशी मुद्रा खाते खोलने की अनुमति देना।
- ऋण वृद्धि, क्रेडिट बीमा और बिक्री, पोर्टफोलियो की खरीदारी सहित विभिन्न गतिविधियों की अनुमति देना।